




नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 28 मई, 2026


# मेलॉडी खाओ, बढ़ती महंगाई को भूल जाओ

## चाकलेट बांटकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, बढ़ती महंगाई और बिजली संकट पर सरकार को घेरा

- केन्द्र व सरकार की जनविरोधी नीतियों पर उठाए सवाल
- प्रदर्शन के दौरान स्थानीय नेताओं पर भी साधा निशाना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 मई. देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल व सीएनजी के आसमान छूते दामों तथा चरमराई बिजली-पानी व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन किया. कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के बस स्टैंड और पटेल पेट्रोल पंप क्षेत्र में राहगीरों, आम लोगों और किसानों को मेलॉडी चॉकलेट बांटकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया. कांग्रेस का यह अलग अंदाज पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा.**

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर सवाल उठाए. कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि आज देश की आम जनता लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है. पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और दैनिक



सीहोर. बुधवार को जिला कांग्रेस द्वारा लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदर्शन किया गया. इस दौरान लोगों को चाकलेट बांटी गई.

जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं से बेपरवाह बनी हुई है. उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों ने युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.

राजीव गुजराती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा का उल्लेख करते हुए भाजपा पर तंज कसा. उन्होंने कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलॉडी टॉफी भेंट किए जाने को भाजपा नेता उत्सव की तरह पेश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चाहती है कि मेलॉडी खाओ और बढ़ती महंगाई भूल जाओ, लेकिन कांग्रेस जनता की आवाज बनकर अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी.

उन्होंने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है. भीषण गर्मी के दौर में गांवों में बिजली संकट गहराता जा रहा है. अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान हैं. कई स्थानों पर लोगों को विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. स्थानीय भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के भाजपा नेता जनता की मूलभूत समस्याओं से पूरी तरह कट चुके हैं। जनता की परेशानियों का समाधान करने के बजाय वे केवल प्रचार और उत्सवधर्मिता में व्यस्त हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाने का काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को मेलॉडी टॉफियां बांटकर महंगाई और जनसमस्याओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया. प्रदर्शन में घनश्याम यादव, प्रीतम चौरसिया, रामायण प्रसाद शुक्ला, अरुण राय, रामलाल मालवीय, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चांडक, आसिफ अंसारी, पंकज शर्मा, सुख सिंह, गजराज परमार, ब्रजेश पाटीदार, हरिओम सिसोदिया, तनिष्क त्यागी, सुयश तोमर, यश यादव, दिव्यांश मालवीय, जितेंद्र परमार, ओम सोनी मौजूद रहे.

### बढ़ती महंगाई से आम आदमी पर बढ़ रहा बोझ

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने आरोप लगाया कि बीते एक सप्ताह में पांच बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है. परिवहन खर्च बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुएं भी महंगी होती जा रही हैं. उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है. वहीं सोना और चांदी की कीमतें भी इतनी बढ़ चुकी हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं.

## सगे मामा ने ही किया था नाबालिग का अपहरण




**आष्टा.** थाना पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मामले में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बालिका का अपहरण करने वाला उसका सगा मामा ही निकला. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार 24 मई को फरियादी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय आरोपी बलराम सिंह जगन्नाथ मालवीय निवासी ग्राम मानकुण्ड फाटा, जिला देवास के पास से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया. जांच में सामने आया कि आरोपी बालिका का सगा मामा है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. इस मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराओं का भी इजाफा किया गया है.

## सीढ़ी घाट पर दिखा हरिद्वार जैसा नजारा

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 27 मई.** नगर में गंगा दशहरा का पर्व मां नर्मदा के तट सीढ़ी घाट पर धार्मिक संगठन भवानी आश्रम के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया.

यहां शाम को हरिद्वार की तर्ज पर गंगा आरती व मां नर्मदा आरती का आयोजन किया गया, जिससे यहां का नजारा हरिद्वार की गंगा आरती जैसा प्रतीत हो रहा था. इसके साथ ही दीपदान, कन्या पूजन और प्रसाद वितरण किया गया. नर्मदापुरम के कलाकारों द्वारा शानदार रंगारंग आतिशबाजी के साथ गंगा आरती एवं नर्मदा जी की भव्य एवं दिव्य आरती की गई. नगर का सीढ़ी घाट हर हर गंगे के जय घोष से गुंजायमान हो उठा भवानी आश्रम के तत्वाधान में प्रथम वर्ष हुए इस आयोजन को भव्य स्वरूप दिया गया. गंगा दशहरा पर विभिन्न नर्मदा घाटों पर



भव्य आयोजन किए जाते हैं. पुरानी बस्ती स्थित छोटे मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए. चुनरी यात्रा मां नर्मदा के तट पर पहुंची जहां पर मां नर्मदा को चुनरी अर्पण की गई. रात में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां नर्मदा का पूजन किया गया तत्पश्चात हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में नर्मदाष्टक मां नर्मदा जी की आरती एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया.

## तेज रफ्तार बस व ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत, एक घायल


- हादसे के दौरान बस में सवार यात्री बाल-बाल बचे
- किसान ट्राली में सोयाबीन भरकर आष्टा मंडी जा रहा था.

नवभारत न्यूज

**आष्टा 27 मई.** भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर अमलाहा टोल टैक्स के पास बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार बस ने पीछे से सोयाबीन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से नीचे खंती में उतरकर पेड़ से जा भिड़ी. हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया, जबकि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

जानकारी के अनुसार इछावर तहसील के ग्राम गोलूखेड़ी निवासी जीवनसिंह बुधवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में सोयाबीन भरकर आष्टा कृषि उपज मंडी जा रहे थे. सुबह करीब 6 बजे अमलाहा टोल टैक्स के समीप भोपाल से इंदौर जा रही मिश्रा कंपनी की तेज रफ्तार बस ने पीछे से ट्रॉली को टक्कर मार दी. हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी और पेड़ से टकरा गई. टक्कर के बाद ट्रॉली में भरा सोयाबीन सड़क किनारे बिखर गया.

घटना में घायल चालक जीवनसिंह को उपचार के लिए शासकीय सिविल अस्पताल भेजा गया. वहीं हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हादसे के समय



बस में करीब 30 यात्री सवार थे. अचानक तेज झटके और जोरदार आवाज से यात्री घबरा गए. कई यात्री उस समय नींद में थे. यात्रियों ने बताया कि एक पल के लिए लगा जैसे बड़ा हादसा हो गया हो, लेकिन सुरक्षित बचने पर उन्होंने भगवान का शुक्रिया अदा किया. दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कांच भी टूट गए.

स्थानीय लोगों ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि परिवहन विभाग के नियमों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं.

## हमारे हाथों से उठी मिट्टी तालाब को देगी नया जीवन

- काले तालाब के गहरीकरण कार्य का किया शुभारंभ
- नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा सहित पार्षदों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

**आष्टा 27 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत काला तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में किया गया.

श्री मेवाड़ा ने कहा कि नपा अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई भी बड़ा बदलाव तब तक मुमकिन नहीं है, जब तक उसमें जनता का सहयोग शामिल



न हों. सरकार बजट दे सकती है, मशीनें दे सकती है, लेकिन उस तालाब को अपना मानकर उसकी चिंता करना सिर्फ हमारा कर्तव्य है. अगर आज हमने अपने तालाब को गहरा नहीं किया, तो आने वाले समय में पानी की बूंद-बूंद के लिए त्राहि-त्राहि मच जाएगी.

श्री मेवाड़ा ने युवाओं से श्रमदान की अपील करते हुए कहा कि जो युवा और नागरिक शारीरिक रूप से सक्षम हैं, वे हफ्ते में कम से कम एक दिन, या रोज सुबह एक घंटा निकालकर तालाब पर आए और श्रमदान करें. हमारे हाथों से उठी एक-एक तगारी मिट्टी इस तालाब को नया जीवन देगी. इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, अनिल धुर्वे, दीपक यादव, आदित्य तलनीकर, मनोहरसिंह जावरिया, विनोद सांगते, पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार, कैलाश बागवान, गबू प्रजापति, अरूण विश्वकर्मा, आकाश चौहान, पूरणसिंह मेवाड़ा, कुलदीप सोनी, आशीष शर्मा, रोहित कालेलकर सहित अनेक लोग मौजूद थे.

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया डीसी पर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 मई.** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और खराब विद्युत व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है. बुधवार को नापला खेड़ी विद्युत मंडल कार्यालय पर आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया.

इस दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली समस्याओं के निराकरण की मांग की. ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बार-बार बिजली कटौती की जा रही है. कभी घंटों बिजली बंद रहती है तो कभी लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है. इसके अलावा गांवों में लगी विद्युत केबिलें और लाइनें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जिससे आए दिन फाल्ट की स्थिति बनती रहती है. किसानों और आम उपभोक्ताओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है.

ज्ञापन सौंपने वालों में धर्म सिंह सरपंच, जनपद सदस्य ठाकुर सिंह, वरिष्ठ किसान नेता बलराम मुकाती, ज्ञान सिंह पटेल, दीपक वर्मा, सचिन पटेल, अजय राजपूत, प्रेम पटेल, कमल मेवाड़ा, वीरेन मेवाड़ा, निलेश राय सहित चित्तौड़िया, लाखा भटोनी, हेमा दीदा खेड़ी एवं आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा साथी उपस्थित रहे.

हादसा — गंगा दशहरा पर नर्मदा में नहाने गए युवकों में एक का शव बुधवार को मिला

## नर्मदा में नहाने गए छह युवक डूबे, पांच को नाविक ने बचाया

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 मई.** थाना क्षेत्र के ग्राम बेरखेड़ी स्थित नर्मदा नदी पुल घाट पर गंगा दशहरा पर्व के दौरान मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया. भोपाल से स्नान करने पहुंचे युवकों का समूह अचानक नर्मदा के तेज बहाव में फंस गया. इस हादसे में एक युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि स्थानीय नाविक की बहादुरी से पांच युवकों की जान बच सकी. बुधवार सुबह पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक का शव नदी से बरामद किया.

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर भोपाल निवासी लगभग 6 युवक बेरखेड़ी घाट पर नर्मदा में स्नान कर रहे थे. इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में फंसकर डूबने लगा. साथी उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन बहाव इतना तेज था कि करीब पांच युवक खुद भी डूबने की स्थिति में पहुंच गए. मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौके पर मौजूद एक स्थानीय नाविक ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी नाव लेकर नदी में उतरकर तेज धारा में फंसे युवकों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला. यदि समय रहते नाविक मदद के लिए नहीं पहुंचता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था. सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया. देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला. बुधवार सुबह दोबारा शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान करीब 11 बजे युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया. मृतक की पहचान बलवंत नेताम पिता रामगोपाल नेताम (36 वर्ष), निवासी कंजर मोहल्ला भोपाल के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और गंगा दशहरा पर्व के चलते सभी युवक नर्मदा स्नान के लिए बुधनी



पहुंचे थे. इस मामले में बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि मंगलवार को नर्मदा नदी में स्नान के दौरान एक युवक के डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ टीम द्वारा तत्काल सर्चिंग अभियान शुरू किया गया. बुधवार को युवक का शव बरामद कर लिया गया. शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है.

## भीषण गर्मी के चलते टली पुन: परीक्षा

**सीहोर.** लगातार तेज गर्मी के कारण राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों में होने वाली 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों की पुन: परीक्षा टाल दी है. यह परीक्षा 1 से 6 जून तक होना थीं. राज्य शिक्षा केंद्र की देखरेख में जिले के कक्षा 5 व 8 के फेल हुए 1857 बच्चों की परीक्षाएं 1 जून से शुरु होना थीं. परीक्षाओं का समापन 6 जून को होना था. लेकिन संचालक ने उक्त परीक्षाएं आगे बढ़ा दीं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो छोटे बच्चों के हिसाब से अभी गर्मी बहुत ज्यादा है. इसके अलावा डीएलएड व कक्षा 9-11 की परीक्षाएं भी होनी हैं. इसी कारण परीक्षा का नया कार्यक्रम जारी किया गया है. अब कक्षा 5 व 8 के छात्रों की पुन: परीक्षा 16 जून से प्रारंभ होकर 23 जून तक चलेंगी.

### एक नजर में



## डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट ने किया निक्षय शिविर का निरीक्षण

**सीहोर.** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य संगठन के कंसल्टेंट डॉ ललित महेंद्रू ने लेबर कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लीनिक पर आयोजित 100 दिवसीय निक्षय शिविर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में आने वाले संभावित मरीजों को दी जाने वाली काउंसलिंग, निशुल्क एक्सरे, बलगम परीक्षण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिला क्षय अधिकारी डॉ जेडी कोरी, जिला टीबी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्रीमती गायत्री बारपेटे, एसटीएस प्रदीप भावसार तथा स्टॉफ उपस्थित था.



## लीला खाड़ी में जल प्रबंधन हेतु कुएं के गहरीकरण कार्य शुरू

**सीहोर.** ग्राम पंचायत लीला खाड़ी में सीपा संस्था के माध्यम से चल रही परियोजना जल संवर्धन और स्वच्छ पेयजल के अंतर्गत कुएं के गहरीकरण का निर्माण शुरू कर भूमि पूजन किया गया. ग्रामवासिया द्वारा पूजा अर्चना कर काम की शुरुआत की गई. इस मौके पर सरपंच ज्ञान सिंह गुज्जर, सीपा संस्था से आशीष जैन, सूरज वर्मा, शिवानी पटेल, चेतन ठाकुर, तुलसी राम, मुकेश कुमार, जानकी बाई, सीएलएफ सदस्य आदि उपस्थित रहे.



## ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु संबल बना डीबीसीपीएल

**सीहोर.** एमपीआरडीसी की डीबीसीपीएल परियोजना द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए फंदा पंचायत में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया. विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण किया गया. साथ ही जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों एवं नि:शुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया. शिविर में एमबीबीएस मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अर्पित भार्गव के साथ संदीप मकवाना, नरेंद्र मकवाना, अजय सोलंकी एवं एएसजी हॉस्पिटल के फील्ड टेक्नीशियन सत्यम मिश्रा, राहुल गोस्वामी, विकी राय आदि उपस्थित थे.



## पुण्यतिथि पर रक्तदान कर दी सोनू को श्रद्धांजलि

**सीहोर.** ग्राम तकीपुर महुआखेड़ी के कृषक धनसिंह परमार के पुत्र स्वर्गीय सोनू परमार की पुण्यतिथि पर बुधवार को शासकीय स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था, परन्तु युवाओं ने उत्साह के साथ 75 यूनिट रक्त दान किया गया. शिविर में सुरेश परमार, वेदप्रकाश, सुरेंद्र, प्रीतम, प्रवीण, राजेश, कपिल, ज्ञान प्रकाश, सुनील, विशाल, प्रदीप, कुलदीप, दीपक, विकाश, कुबरलाल, धर्मेंद्र, महेंद्र, संदीप, राज- इंदौर, रितेश आदि ने रक्तदान किया. इस मौके पर शिक्षक सतीश त्यागी ने कहा कि आपका यह प्रयास किसी की जान बचाएगा. रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता है, युवाओं को रक्तदान करना चाहिए, इससे किसी की जान तो बचती ही है, साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं का ब्लड सर्कुलेशन भी बराबर बना रहता है. शिविर में स्कूल के आर्यन परमार, रोहन, नैतिक एवं युवाओं ने सहयोग किया.




## नेपाल में भारत का परचम लहराने जाएंगे खिलाड़ी

**सीहोर.** मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में नेपाल में भारत का परचम लहराने के लिए 30 से अधिक कराटे खिलाड़ियों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है. कोच लखन ठाकुर, विमला ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले त्र्यंबक ठाकुर, पायल बागवान, विनायक वर्मा, शिवन्या सिंह, वैभव वर्मा, कीर्ति वर्मा, आरुषी वर्मा, साक्षी चौहान, हर्षिता, राखी परमार, झिलमिल लोधी, दीपिका लोधी, प्रिंस भारती, मृदुल कावड़े, साधना परमार, सुहानी सिसोदिया, वेदांत मारण, अनाया कुक्लोद, आरुषि पाराशर, रेयांश चड्ढा, मोहम्मद उज़ेर खान, पायल कावड़े, देवेंद्र राठौर, अयूब खान, हेमंत परमार, खुशी मथरिया, नाजिया शाह, भावेश परमार, उज्जवल सोनी, रूप सिंह, शौर्य मालवीय, प्रिंसी परमार, जीशान खान को संस्था द्वारा ट्रेकसूट प्रदान किए गए.